22/10/2022

पाठ - 5

उत्तर - ⑤ :- (1.) उन्होंने स्थानीय शासकों को फूट डालो - राज्य करो की नीति के आधार पर एक - दूसरे से अलग कर दिया था, अतः एकता की सम्भावनाएँ कम थी।

(2.) कई स्थानीय शासक व जमींदार अंग्रेजी शासन का पूर्णरूप से समर्थन करते थे।

(3.) देशी राजाओं व नरेशों की सेनाओं को भंग कर दिया गया था।

(4.) प्लासी के युद्ध के बाद भारतीय राजाओं और नवाबों की शक्ति अंग्रेजो द्वारा समाप्त की जाने लगी।

उत्तर ⑥ :- बहादुरशाह जफर का विद्रोहियों को समर्थन मिलते ही 1857 का विद्रोह सम्पूर्ण उत्तरी भारत में आग की तरह तेजी से फैलने लगा तथा विद्रोहियों के साथ - साथ जनता का साहस और उत्साह बढ़ने लगा जिससे उनमें आगे बढ़ने की हिम्मत और आत्मविश्वास पैदा हुआ।

22/10/2022

पाठ - 5

उत्तर ⑦ :- (1.) अंगेजो द्वारा यह घोषणा की गई कि जो भू-स्वामी भारतीय ब्रिटिश सामाज्य के प्रति वफादार रहेंगे उन्हें उनकी जमीनो पर पारम्परिक अधिकारो का उपभोग करने की स्वतंत्रता प्रदान कर दी जाएगी।

(2.) अंगेजो ने कई भू-स्वामियो, नवाबो तथा देशी राजाओं पर मुकदमे चलाकर फाँसी की सजा सुनाकर फाँसी दे दी।

उत्तर ⑧ :- (1.) 1857 की क्रान्ति के बाद भारत की सत्ता ब्रिटिश सामाज्य को हस्तांतरित कर दिए।

(2.) राज्यों को दत्तक-पुत्रो को शासक बनाने की छूट दे दी गई थी।

(3.) भारतीय सैनिकों का अनुपात कम किया गया।

(4.) मुसलमानो को सन्देह की दृष्टि से देखा गया तथा उनकी संपति को जब्त कर लिया गया।

(5.) भारतीय धर्म और रीति-रिवाजो का सम्मान किया गया।

(6.) जमींदारो के लिए स्थायी नीतियाँ बनाई गई।

22/10/2022

पाठ - 5

अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

प्र. 1 - अवध रियासत को अंग्रेजो द्वारा कब्जे में कब लिया गया?

उत्तर - सन् 1856 में ।

प्र. 2 :- अन्तिम मुगल बादशाह कौन थे?

उत्तर - बहादुरशाह जफर ।

प्र. 3 :- ईसाई धर्म को अपनाने के लिए प्रेरित करने वाला कानून कब बना?

उत्तर - सन् 1850 में ।

प्र. 4 :- सन् 1857 में सबसे पहले विद्रोह कहाँ हुआ था?

उत्तर - मेरठ में ।

प्र. 5 :- बैरकपुर में अंग्रेज अधिकारीयों पर हमला करने के आरोप में फाँसी पर किसको लटकाया था?

उत्तर - मंगलपाण्डे को ।

22/11/2022

पाठ - 5

अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

प्र. 6 :- रिक्त स्थानों की पूर्ति करो -

उत्तर - (i) मंगलपाण्डे को फाँसी पर सन् <u>1857</u> में लटका दिया गया

(ii) नाना साहेब <u>पेशवा बाजीराव</u> का दत्तक पुत्र था।

(iii) नाना साहेब का सेनापति <u>तात्या टोपे</u> था।

(iv) बिहार के जमींदार <u>कुँवर सिंह</u> ने विद्रोही सिपाहियो का साथ दिया।

(v) अंग्रेजो ने <u>1859 के</u> आखिर तक देश पर दोबारा नियंत्रण पा लिया।

प्र. 7 :- मिलान कीजिए -

उत्तर -

विद्रोह स्थल	नेतृत्वकर्ता
(i) बैरकपुर	(क) कुँवर सिंह
(ii) कानपुर	(ख) बख्त खाँ
(iii) लखनऊ	(ग) तात्या टोपे
(iv) बिहार	(घ) लक्ष्मी बाई
(v) दिल्ली	(ङ) मौलवी अहमदुल्ला
(vi) झाँसी	(च) बेगम हजरत महल
(vii) फैजाबाद	(छ) मंगल पांडे

22/10/2022

पाठ - 5

अन्य महत्वपूर्ण प्रश्न

प्र. 8 :- सत्य - असत्य कथन बताइए -

उत्तर- (1) सिपाही गाँव की हालत से परेशान थे। [✓]

(2) 1857 की क्रांति दक्षिण भारत से प्रारम्भ हुई। [X]

(3) कुँवर सिंह 1857 की क्रान्ति के मुख्य व्यक्तित्व साबित हुए। [✓]

(4) 1857 की क्रांति के बाद भारत स्वतंत्र हो गया था। [X]

प्र. 9 :- उपनिवेशवाद किसे कहते हैं ?

उत्तर - किसी देश और इसके निवासियो पर दूसरे देश का पूर्ण या अंशकालिक रूप से अधिकार रहने की स्थिति को उपनिवेशवाद कहते हैं।

प्र. 10 :- अवध को कब व किस आधार पर अंग्रेजो ने कंपनी में शामिल किया ?

उत्तर- 1856 में कुशासन का तर्क देकर व शासन को दुरुस्त करने के लिए अवध को कंपनी में शामिल किया।